# रणजीत टाइम्स

इंदौर
शुक्रवार, 31 अक्टूबर, 2025
वर्ष 01 | अंक 270 | कुल पृष्ठ : 8 | Digital
RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे





## रंजीत टाइम्स कार्यालय में प्रधान संपादक गोपाल गावंडे जी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया



रंजीत टाइम्स कार्यालय में प्रधान संपादक श्री गावंडे जी का जन्मदिन बड़े हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी पत्रकारों, समाजसेवियों और व्यवसायी साथियों ने उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान सभी ने यह संकल्प लिया कि- "हर जन्मदिन पर कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाएंगे, ताकि पर्यावरण की रक्षा हो सके और आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वातावरण मिले।"

**पौधा लगाओ -दुनिया बचाओ!**

मुख्य रूप से इस अवसर पर सह-संपादक दीपक वाडेकर, आदित्य शर्मा, अनिल चौधरी, राहुल वीरकर, मुरली फावड़े, विजय मेटकर, एडवोकेट दीपक सोनी, अमित श्रीवास्तव, विकास भारद्वाज, समाजसेवी अशोक सैनी, हीरा खटवानी, राजेश खेतपाल, तथा रणजीत टाइम्स से संवाददाता राजेश धाकड़ विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में केक काटकर सभी ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाई और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

# ठंड ने दी दस्तक

### दिनभर बादलों में छिपा सूरज, तापमान में आई सात डिग्री की गिरावट

इंदौर। मध्यप्रदेश में मौसम ने करवट बदल ली है और सर्द हवाओं ने दस्तक दे दी है। बुधवार को इंदौर में दिनभर सूरज बादलों की ओट में छिपा रहा, जिससे पूरा शहर सर्द हवाओं की चपेट में आ गया। हल्की बारिश और तूफान मोचा के असर से तापमान में जबरदस्त गिरावट दर्ज की गई। दिन का पारा मंगलवार की तुलना में करीब साढ़े चार डिग्री नीचे आ गया, जबकि यह सामान्य से सात डिग्री कम रहा।



दिनभर चली तेज ठंडी हवाओं ने सिहरन पैदा कर दी और शाम होते-होते लोगों को गर्म कपड़े निकालने पर मजबूर कर दिया। मौसम विभाग के अनुसार बुधवार को इंदौर का अधिकतम तापमान 25.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो मंगलवार के 29.7 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले 4.6 डिग्री कम रहा। वहीं, मंगलवार रात का न्यूनतम तापमान 22.2 डिग्री रहा। अक्टूबर के अंतिम सप्ताह में ही मौसम का मिजाज बदलना यह संकेत दे रहा है कि इस बार ठंड जल्दी दस्तक दे सकती है। दिनभर शहर में ठंडी हवाओं का दौर चलता रहा। कई इलाकों में लोगों ने दिन में ही ठंडक महसूस की और शाम के समय तापमान और भी नीचे चला गया। शहर के बाजारों में शाम के समय चाय, कॉफी और गर्म पकवानों की दुकानों पर भीड़ बढ़ गई। मौसम विभाग ने संकेत दिए हैं कि अगले कुछ दिनों में तापमान और गिर सकता है तथा उत्तर दिशा से आने वाली हवाओं के कारण ठंड का असर और तेज होगा। लोगों को अब सुबह-शाम हल्की ठंडक के साथ दिन के समय भी ठंडी हवाओं का सामना करना पड़ेगा। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि यह ठंड अभी शुरुआती दौर में है, लेकिन नवंबर के पहले हफ्ते से सर्दी का असर और बढ़ेगा।



# कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने धार मंडी का निरीक्षण कर भावांतर योजना की व्यवस्थाओं का लिया जायजा, पारदर्शिता और किसानों की सुविधा के दिए निर्देश



**दिलीप पाटीदार**

धार कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने गुरुवार को धार कृषि उपज मंडी का औचक निरीक्षण कर सोयाबीन भावांतर भुगतान योजना के तहत चल रही खरीदी व्यवस्थाओं का विस्तार से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उनके साथ पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने मंडी परिसर में खरीदी केंद्रों, तुलाई व्यवस्था, भुगतान प्रक्रिया तथा किसानों के लिए की गई सुविधाओं का निरीक्षण किया।कलेक्टर श्री मिश्रा ने मंडी में उपस्थित किसानों और व्यापारियों से चर्चा की तथा उनके सुझाव सुने। उन्होंने बताया कि मंडी में भावांतर योजना के तहत खरीदी सुचारू रूप से चल रही है। किसानों की भावों से जुड़ी समस्याओं पर प्रशासन ने किसानों और व्यापारियों को एक साथ बैठाकर समाधान निकाला है। उन्होंने कहा कि किसानों और व्यापारियों के बीच संबंध बहुत पुराने हैं, और यदि कभी कोई छोटी-मोटी समस्या आती भी है, तो उसे आपसी सहमति से सुलझा लिया जाता है।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि शासन द्वारा तय किए गए दरों को ही अंतिम माना जाएगा ताकि किसी भी स्तर पर भ्रम की स्थिति न बने। उन्होंने मंडी सचिव को सख्त निर्देश दिए कि मंडी की सभी व्यवस्थाओं में सुधार किया जाए और किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। साथ ही, उन्होंने किसानों से भी सहयोग की अपील की ताकि खरीदी प्रक्रिया पारदर्शी और सुगम रूप से पूरी की जा सके। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि भावांतर योजना मध्य प्रदेश सरकार की अत्यंत महत्वपूर्ण योजना है, जिसे गहन विचार-विमर्श के बाद लागू किया गया है। इस योजना का उद्देश्य किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाना और उन्हें बाजार की अस्थिरता से सुरक्षा प्रदान करना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि योजना के अंतर्गत जो किसान पंजीकृत हैं, उन्हें शासन द्वारा घोषित दरों के अनुसार पूरा लाभ प्राप्त होगा।उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि जो लोग इस योजना के खिलाफ गलत अफवाहें या दुष्प्रचार फैलाने का प्रयास करेंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने किसानों से अपील की कि वे किसी भ्रामक जानकारी पर ध्यान न दें और निश्चिंत होकर मंडियों में आकर अपनी उपज बेचें। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने मंडी में पेयजल, तुलाई, भुगतान और सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को पारदर्शिता और समयबद्धता बनाए रखने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम राहुल गुप्ता मंडी सचिव, कृषि विभाग के अधिकारी एवं अन्य संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।

## "इंदौर से आई चिंता की खबर- मंत्री कैलाश विजयवर्गीय अस्वस्थ, बॉम्बे हॉस्पिटल में भर्ती"

सुबह का वक्त, जब इंदौर के लोगों ने सामान्य दिन की शुरुआत की, तभी शहर के सबसे प्रभावशाली नेता और प्रदेश के काबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की तबीयत अचानक बिगड़ गई। जैसे ही असहजता महसूस हुई, उन्हें तत्काल बॉम्बे हॉस्पिटल ले जाया गया। वहाँ डॉक्टरों की टीम ने तुरंत जांचें शुरू कीं — हर रिपोर्ट पर निगाहें ठहर गईं, क्योंकि बात सिर्फ एक मंत्री की नहीं, बल्कि उस चेहरे की है जिसने दशकों तक इंदौर की राजनीति को दिशा दी है।हालांकि डॉक्टरों ने फिलहाल उनकी स्थिति स्थिर बताई है, पर पूरे प्रदेश में चिंता की लहर है। समर्थक, शुभचिंतक और कार्यकर्ता सबकी निगाहें बस एक खबर पर टिकी हैं- "साहब ठीक हैं" यह सुनने के इंतजार में।इंदौर की गलियों से लेकर मंत्रालय तक, आज दुआओं में एक ही नाम है- कैलाश विजयवर्गीय।

# इंदौर में किन्नरों का विरोध प्रदर्शन, आरोपी को फांसी की सजा की मांग, इंदौर के रीगल चौराहे पर अनूठे तरीके से किन्नरों ने हाथों में मोमबत्ती लेकर बैनर को लगाई आग जमकर किया प्रदर्शन



**आदित्य शर्मा**

इंदौर शहर में एक दुष्कर्म प्रकरण को लेकर शुक्रवार को बड़ी संख्या में किन्नर समुदाय के लोग सड़कों पर उतर आए। किन्नरों ने गांधी हाल से रीगल चौराहे तक हाथों में मोमबत्तियां लेकर शांतिपूर्ण मार्च निकाला। इस दौरान सभी किन्नर सफेद साड़ी पहने हुए थे और "दुष्कर्मियों को फांसी दो" के नारे लगा रहे थे। प्रदर्शनकारी किन्नरों ने मुख्यमंत्री से मांग की कि राजा हाशमी, उसके भाई समीर और सपना हाजी सहित अन्य आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि समाज में ऐसे लोगों के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए जो महिलाओं या किसी भी व्यक्ति की अस्मिता से खिलवाड़ करें। बता दें कि हिरा नगर थाना क्षेत्र में रहने वाली एक पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने राजा हाशमी और उसके भाई समीर के खिलाफ दुष्कर्म एवं धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया है। मामले में सपना हाजी का नाम भी सामने आया है, जिसके डेरे पर कथित रूप से कई अवैध गतिविधियों की शिकायतें मिल रही हैं , प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन से मांग की कि सपना हाजी के डेरे पर अतिक्रमण की कार्रवाई की जाए और जांच तेज की जाए। प्रदर्शन के दौरान किन्नरों ने कहा कि अगर आरोपी पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो वे प्रदेशव्यापी आंदोलन करने को मजबूर होंगे। उनका कहना था कि दुष्कर्म जैसी घिनौनी वारदात के आरोपी को फांसी की सजा दी जानी चाहिए, ताकि समाज में ऐसा अपराध दोबारा न हो। प्रदर्शन स्थल पर पुलिस बल तैनात किया गया था ताकि किसी भी तरह की अव्यवस्था न हो। पूरा प्रदर्शन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ, लेकिन किन्नर समुदाय ने चेतावनी दी कि यदि न्याय नहीं मिला तो वे और बड़ा आंदोलन करेंगे।

# मिलावट खोरों के विरुद्ध इंदौर में लगातार चल रहे अभियान में फिर बड़ी कार्रवाई

## बड़ी मात्रा में मिलावटी घी जप्त, प्रभुश्री ट्रेडर्स पर कार्रवाई

इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार उपभोक्ताओं को शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने और मिलावटखोरों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के लिए इंदौर में लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत इंदौर जिले में आज फिर बड़ी कार्रवाई की गई है। इसी क्रम में आज कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशन में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के अमले द्वारा मिलावट खोर के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की गई। विभाग की टीम ने इंदौर के पल्हर नगर 60 फीट रोड स्थित एक मकान पर छापा मारा, जहाँ गिरिराज गुप्ता रहते हैं। बताया गया कि वे मल्हारगंज क्षेत्र में प्रभुश्री ट्रेडर्स के नाम से दुकान संचालित करते हैं।

निरीक्षण के दौरान मकान से बड़ी मात्रा में वनस्पति तेल, एसेंस और घी बरामद किया गया। साथ ही विभिन्न नामी ब्रांड साांची, अमूल, नोवा और मालवा के रैपर और आउटर कवर भी मिले, जिनका उपयोग उक्त व्यक्ति द्वारा अपने बनाए हुए घी को पैक करने में किया जाता था। मौके से खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने 6 नमूने (घी, तेल और एसेंस) के लिए हैं। कार्रवाई में कुल 27 डिब्बे वनस्पति, 13 डिब्बे तेल, 3 डिब्बे



घी, 5 बोतल एसेंस और लगभग 350 रैपर जब्त किए गए हैं। संबंधित आरोपी के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। खाद्य अधिकारी श्री मनीष स्वामी ने बताया कि कार्रवाई के दौरान घी निर्माता का परिसर बंद कराया गया। कलेक्टर श्री वर्मा के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा उक्त परिसर का निरीक्षण किया गया, उक्त स्थान पर घी का निर्माण एवं पैक किया जा रहा था। उक्त परिसर पर सांची, अमूल, नोवा एवं मालवा ब्रांड के नाम से पैकिंग की जा रही थी। निरीक्षण के दौरान लिए गए विभिन्न ब्रांड के एवं संग्रहित लूज घी के नमूनों को विस्तृत जांच हेतु राज्य का परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा जा रहा है।

उक्त संस्थान से लगभग 600 लीटर घी,तेल जप्त किया गया है । घटनास्थल पर अमूल, साँची, नोवा और मालवा घी के खाली रैपर मिले हैं। संबंधित विक्रेता द्वारा अनाधिकृत रूप से उन कंपनियों के पैकेट खुद पैक किया जाना प्रतीत होता है। उक्त सभी कंपनियों को भी सूचित किया जा रहा है ताकि संबंधित कंपनियां भी अपने स्तर पर वैधानिक कार्रवाई कर सके। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने बताया कि नागरिकों को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि मिलावटखोरी के विरुद्ध इस तरह की सख्त कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।



सर्व ब्राह्मण युवा संगठन पूर्वी क्षेत्र की ओर से उनका स्वागत किया गया अध्यक्ष पंडित राकेश जोशी जी कोषाध्यक्ष शिव पाराशर जी महासचिव पंडित राजेश दुबे सचिव अमर चंक पांडे की उपाध्यक्ष मनीष शर्मा जी अमरीश पाराशर जी संजय शर्मा जी भेरूलाल पाटीदार जी बाहेती अंकल महेश यादव जी बबलू जी।

# जोन 2 क्षेत्र के अंतर्गत सभी थानों में चलाया गया विशेष गुंडा-बदमाश, चाकूबाज, जिलाबदर चेकिंग अभियान

पुलिस उपायुक्त जोन -2 श्री कुमार प्रतीक के निर्देशन में असामाजिक तत्वों व संदिग्धों की गतिविधियों पर कड़ी निगरानी हेतु, जोन - 2 क्षेत्रांतर्गत लगातार चलाया जा रहा विशेष चैकिंग अभियान । इंदौर शहर में अपराधियों पर नियंत्रण हेतु प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश श्रीमान पुलिस आयुक्त महोदय नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह, श्रीमान अतिरिक्त पुलिस आयुक्त महोदय श्री अमित सिंह, श्रीमान पुलिस उपायुक्त महोदय जोन 02 श्री कुमार प्रतीक, श्रीमान् अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त महोदय जोन 02 श्री अमरेन्द्र सिंह, द्वारा दिये गये है। जोन 2 क्षेत्र के अंतर्गत सभी थानों में विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत गुंडा बदमाश जिलाबदर चेकिंग अभियान के तहत जोन 2 क्षेत्रांतर्गत थानों द्वारा की गई कार्यवाही की संख्यात्मक जानकारी

जिला बदर चेक किए गए- 11

गुण्डा चेक करने की संख्या- 37

चाकुबाज चेक करने की संख्या - 19

गुण्डे बदमाश / चाकुबाजो के चेकिंग उपरांत भरे गए डोजीयर की संख्या- 31

थानो पर लाये गये संदिग्धों की संख्या- 57

धारा 170 बी.एन.एस.एस की कार्यवाही संख्या – 9

•चिन्हित गुंड बदमाशो/ चाकूबाजो पर धारा 129 bnss की कार्यवाही की संख्या - 5

चाकूबाजो पर 25 आर्म्स एक्ट की कार्यवाही-2

थाना क्षेत्रों में हॉटस्पॉट चेक करने की संख्या-39

थाना क्षेत्रों में शेडो एरिया चेक करने की संख्या-30

थाना क्षेत्र में नशीले पदार्थ हॉटस्पॉट चेक करने की संख्या -16

बिल्डिंग/मल्टी चेक करने की संख्या-11

शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध 30 Vehicles को जप्त कर 185 MV के तहत कार्रवाई की गई जबकि बिना नंबर तीन सवारी एवं अन्य उल्लंघन पर 39 वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई की सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने पर 14 लोगों के विरुद्ध शराब पीने के विरुद्ध कार्रवाई की गई तथा 05 व्यक्ति नशा करते हुए पकड़े गए सभी के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की गई है। इंदौर पुलिस की लगातार मोहल्ला स्तर पर जनसंवाद कार्यक्रम मोहल्ला समिति की बैठक के रूप में किया जा रहा है जिसमें प्रत्यक्ष रूप से पिता अधिकारी एवं वरिष्ठ अधिकारी मौके पर जाकर लोगों से बात कर समस्याओं का निराकरण कर रहे हैं।




रणजीत टाइम्स
आभार !
मेरे जन्मदिवस के अवसर पर आप सभी मित्रों व वरिष्ठजनो ने जो स्नेह,दुलार अपनेपन ओर आशीष से ओतप्रोत शुभकामनाएं प्रदान की, मैं बहुत हर्ष और आदर के साथ शुभकामनाओं के लिए आप सभी के प्रति हृदय से कृतज्ञता ज्ञापित करता हूँ॥
साथ ही आशा करता हूं कि आपका स्नेह, सहयोग, मार्गदर्शन और आशीर्वाद सदैव इसी तरह मुझे प्राप्त होता रहेगा॥
आपका : गोपाल गावंडे

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एकता नगर में ई-बसों को दिखाई हरी झंडी, 1220 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया

**अहमदाबाद ★ एजेंसी**

प्रधानमंत्री दो दिन के गुजरात दौरे पर हैं। पीएम मोदी सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर दो दिन के दौरे पर आए हैं। जहां करीब शाम पांच बजे वडोदरा एयरपोर्ट पर पहुंचने के बाद सीधा सड़क मार्ग से एकता नगर के लिए रवाना हुए। इसके बाद पीएम मोदी एकता नगर पहुंचने पर यहां ई-बसों को हरी झंडी दिखाई।

**1,220 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एकता नगर में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर स्मारक सिक्के और डाक टिकट जारी किए। वहीं एकता नगर और राजपीपला में 1,220 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया। इसके बाद पीएम मोदी अगले दिन 31 अक्टूबर की सुबह 8 बजे स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पर सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के मौके पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। साथ ही भव्य परेड और अन्य कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे।

**इन परियोजनाओं का किया उद्घाटन**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार (30 अक्टूबर) को स्टैच्यू ऑफ यूनिटी का दौरा कर एकता नगर में 16 नई परियोजनाओं का उद्घाटन किया। जिन परियोजनाओं की पीएम मोदी ने सौगात दी, उनमें एकता द्वार से नर्मदा माता की प्रतिमा तक का पैदल मार्ग का दूसरा चरण, स्मार्ट बस स्टॉप, वियर डैम के पास प्रोटोकॉल वॉल भूमि समतलीकरण, सातपुड़ा सुरक्षा दीवार, बोन्साई गार्डन, ई-बस चार्जिंग स्टेशन, नर्मदा घाट पार्किंग, नया आवासीय भवन, मोखड़ी के पास एप्रोच मार्ग, कौशल्या पथ, लिमडी टेंट सिटी पहुंच मार्ग, गार्डन, टाटा नर्मदा घाट का विस्तार, बांध प्रतिकृति शामिल हैं।

वहीं जिन परियोजनाओं का प्रधानमंत्री शिलान्यास किया, उनमें 681.55 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले कई प्रोजेक्ट हैं। जिनमें स्टैच्यू ऑफ यूनिटी परिसर में 9 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला वीर बाल उद्यान शामिल है।

उल्लेखनीय है कि इस उद्यान के मार्च 2026 तक पूरा होने की उम्मीद है। जो कि महान बाल नायकों की कहानियों को कई रूपों में पेश करेगा।

# जेमिमा-हरमन ने दिलाया भारत को वर्ल्ड कप फाइनल का टिकट

## डिफेंडिंग चैम्पियन ऑस्ट्रेलिया को चटाई धूल



**नवी मुम्बई ■ एजेंसी**

*आईसीसी महिला विश्व कप 2025 के दूसरे सेमीफाइनल में गुरुवार (30 अक्टूबर) को भारत ने डिफेंडिंग चैम्पियन ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से धूल चटाई। वर्ल्ड कप इतिहास का ये सबसे बड़ा रन चेज है। इस जीत के साथ ही भारत ने वर्ल्ड के फाइनल में जगह बना ली है। अब 2 नवंबर को उसका मुकाबला फाइनल में साउथ अफ्रीका के खिलाफ होना है।*

तमाम मुश्किलों के बावजूद, भारत ने मौजूदा महिला विश्व कप के सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराकर अकल्पनीय कर दिखाया। मेज़बान टीम ने पूरे मैच में दबाव महसूस किया, लेकिन जेमिमा रोड्रिग्स और हरमनप्रीत कौर की शानदार पारियों की बदौलत भारत ने महिला वनडे इतिहास का अब तक का सबसे बड़ा लक्ष्य हासिल कर लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए, ऑस्ट्रेलियाई ओपनर फोएबे लिचफील्ड ने अपनी ताबड़तोड़ बल्लेबाजी से सबका ध्यान अपनी ओर खींचा। 22 वर्षीया खिलाड़ी ने 93 गेंदों में 119 रन बनाए, जिसमें अनुभवी ऑलराउंडर एलिस पेरी का भी अच्छा साथ रहा, जिन्होंने 77 रन बनाकर टीम को संभाला। दोनों ने 155 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी की, जिसने भारतीय गेंदबाजों पर भारी दबाव डाला। इन दोनों के आउट होने के बाद, एश्ले गार्डनर ने पारी को संभाला और 45 गेंदों में 63 रन बनाए।

गार्डनर ने अपनी पारी शुरू करने में कोई हड़बड़ी नहीं दिखाई, लेकिन एक बार लय पकड़ लेने के बाद, यह ऑलराउंडर बल्लेबाज़ बेहद मज़बूत साबित हुई। उन्होंने चार चौके और चार छक्के लगाए, लेकिन अंत में किम गार्थ के साथ गलतफहमी के कारण वह आउट हो गईं। फिर भी, उनकी इस पारी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 338 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। इस बीच, भारत के लिए दीप्ति शर्मा और श्री चरणी ने दो-दो विकेट लिए।

लक्ष्य का पीछा करते हुए, शेफाली वर्मा ने शुरुआत में कुछ साहस दिखाया, लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा सकीं क्योंकि सलामी बल्लेबाज़ 10 रन बनाकर आउट हो गईं।

स्मृति मंधाना ने अच्छी शुरुआत की, लेकिन किम गार्थ की एक दुर्भाग्यपूर्ण गेंद पर वह 24 रन बनाकर आउट हो गईं। एक समय भारत 59/2 के स्कोर पर मुश्किल में था, लेकिन अब उम्मीद की किरण दिख रही थी।

जेमिमा रोड्रिग्स और हरमनप्रीत ने 167 रनों की साझेदारी करके लक्ष्य का पीछा करते हुए अच्छी पकड़ बना ली थी। दबाव यादा होने के कारण दोनों को जमने में समय लगा, लेकिन एक बार जब वे लय में आ गईं, तो ऑस्ट्रेलिया को भी दबाव का एहसास हुआ। उनकी फील्डिंग भी सवालों के घेरे में रही क्योंकि मेहमान टीम ने बीच में कई मौके गंवाए। इस बीच, अर्धशतक बनाने के बाद, हरमनप्रीत ने अच्छी गति पकड़ी और 89 रन बनाकर आउट हो गईं।

# 17 बच्चों को जिंदा जलाने की धमकी के बाद रोहित आर्य को पुलिस ने किया ढेर




**मुम्बई ■ एजेंसी**

मुंबई के पवई इलाके में गुरुवार को हलचल तब मच गई जब आरए स्टूडियो से बच्चों के चीखने की आवाजें बाहर आईं और बच्चे शीशे से मदद की गुहार लगाते दिखे। दरअसल, रोहित आर्य नाम के शख्स ने वहां ऑडिशन देने आए 17 बच्चों समेत 19 लोगों को बंधक बना लिया था। करीब दो घंटे तक मुंबई पुलिस उसे समझाने की कोशिश करती रही, लेकिन वह किसी भी सूरत में मानने को तैयार नहीं था।

**कैसे शुरू हुआ पूरा मामला**

- दोपहर 12 बजे रोहित आर्या आरए स्टूडियो पहुंचा।
- 12.30 बजे तक कई बच्चे ऑडिशन के लिए हॉल में आ चुके थे।
- 1 बजे रोहित ने दरवाजे अंदर से बंद कर लिए और सभी बच्चों को बंधक बना लिया।
- 1.15 बजे बच्चों ने शीशे से मदद के लिए चिल्लाना शुरू किया।
- 1.30 बजे पुलिस मौके पर पहुंची और बातचीत शुरू की।

**रोहित ने पुलिस की बात नहीं मानी**

करीब दो घंटे तक मुंबई पुलिस के सीनियर अधिकारी रोहित से बात करते रहे। उन्होंने उसे भरोसा दिलाया कि जो भी तुम्हारी शिकायत है, हम सुनेंगे, बस बच्चों को छोड़ दो। लेकिन सूत्रों की मानें तो रोहित बार-बार कहता रहा, अगर मेरी बातें नहीं मानी गईं, तो मैं इन सभी बच्चों को जिंदा जला दूंगा।

**फायर ब्रिगेड की मदद से शुरू हुआ ऑपरेशन**

- करीब 3.30 बजे पुलिस ने फायर ब्रिगेड को बुलाया।
- 3.45 पर मुंबई फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और सुरक्षा उपकरणों के साथ मोर्चा संभाला।
- 3.50 बजे फायर ब्रिगेड ने बाथरूम की खिड़की तोड़ी, जिससे पुलिस को स्टूडियो के अंदर प्रवेश का रास्ता मिला।
- मुंबई पुलिस की क्विक रिस्पॉन्स टीम (क्यूआरटी) के तीन अधिकारी खिड़की से अंदर घुसे।
- जैसे ही पुलिस अंदर दाखिल हुई, रोहित आर्य ने एयरगन तानकर फायर किया। पुलिस को लगा कि उसने असली बंदूक से गोली चलाई है। बचाव में एक इंस्पेक्टर ने अपनी रिवॉल्वर से जवाबी गोली चलाई। जो रोहित के सीने में जाकर लगी।

**10 मिनट में खत्म हुआ ऑपरेशन**

- 4.00 बजे गोली लगने के बाद रोहित जमीन पर गिर पड़ा।
- 4.10 बजे पुलिस ने उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। (शेष पृष्ठ 2 पर)

# लव जिहाद के खिलाफ दलित समाज ने किया आन्दोलन






आदित्य शर्मा

**दलित किशोरी द्वारा की गई आत्महत्या के मामले में हरसूद मुख्य चौराहे पर किया चक्काजाम खंडवा जिले के हरसूद क्षेत्र में एक अत्यंत दुखद एवं संवेदनशील घटना घटित हुई, जहां एक दलित समाज की बेटी नेहा 18 पिता मुकेश सावनेर ने कट्टरपंथी जिहादी अरबाज खान द्वारा दी जा रही लगातार धमकियों, मानसिक उत्पीड़न एवं प्रताड़ना से त्रस्त होकर आत्महत्या जैसा कठोर कदम उठा लिया जिससे उसकी मौत हो गई।**

यह घटना न केवल समाज की चेतना को झकझोरने वाली है, बल्कि प्रशासन और शासन के लिए भी गहन चिंतन का विषय है। घटना की सूचना मिलते ही अखिल भारतीय बलाई महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मनोज जी परमार ने त्वरित संज्ञान लेते हुए अपनी टीम के साथ हरसूद पहुंचकर पीड़ित परिवार से मुलाकात कर मृतका के शव के साथ फिलगुड चौराहे पर चक्काजाम किया। और मांग की गई कि आरोपी लव जिहादी अरबाज खान को अभी तक गिरफ्तार क्यों नहीं किया गया ? किशोरी को मरे 24 घंटे हो गए पुलिस



क्या कर रही है ? क्या जिहादी अरबाज खान को पुलिस का संरक्षण प्राप्त है? जैसे आरोप दलित नेता ने पुलिस प्रशासन पर लगाए। मौके पर मौजूद स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी हरसूद थाना प्रभारी राजकुमार राठौर, sdop लोकेंद्र सिंह तोमर, sdm RC खातेडिया, मय पुलिस बल के आक्रोशित लोगों को समझाइश दे रहे थे और समन्वय स्थापित करने की कोशिश कर रहे थे।। दलित नेता मनोज परमार ने कहा कि पीड़ित परिवार को 10 लाख (पाँच लाख रुपये) की तत्काल आर्थिक सहायता दी जाए, साथ ही, जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग से मांग की कि आरोपी अरबाज खान को गिरफ्तार कर रासुका निरुद्ध किया जाए और उसका सार्वजनिक रूप से जुलूस निकाला जाए। एवं शासकीय भूमि पर अवैध रूप से बने आरोपी के मकान को ध्वस्त करने (मकान तोड़ने) की भी मांग की गई ताकि भविष्य में ऐसे जिहादी तत्वों के मन में कानून के प्रति भय उत्पन्न हो।

अखिल भारतीय बलाई महासंघ ने यह स्पष्ट किया है कि समाज किसी भी प्रकार के अन्याय, अत्याचार या लव जिहाद जैसे अमानवीय कृत्यों को सहन नहीं करेगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रभु जी मसानी किरण पंचोले सोहन अंकले सतीश सावनेर पार्षद मुकेश बोरासी उमेश कड़ोले नारायण माण्डले अनिल हीरे मंत्री प्रतिनिधि कमल खंडेलवाल संतोष जी अलोने दिनेश कुलपारे लखन शर्मा विक्की कायत दीपक वैष्णव राज परमार शुभम अंकित मालवीय दीपक वर्मा गौरव वानखेडे प्रशांत भालेकर रत्नेश दामोदर आशीष सुरपाल रवि नीलकंठ कनाडे संदीप अटूट आतिश पांडे सहित सैकड़ो की संख्या में सर्व समाज के कार्यकर्ता उपस्थित हुए!!

# अनुभव प्राप्त करें कि सहज योग कैसे हमारी समस्या का समाधान करता है

चुनौतियों से भरे जीवन में समस्याओं की कोई कमी नहीं। मानव को जब अपना सर्वोत्तम संभव प्रयास यानि Best Possible Effort लगाने के बाद यदि मन के अनुरूप फल नहीं मिलता तो वह आशा खोने लगता है। तब सब कुछ ईश्वर पर छोड़ देने के अलावा और दूसरा क्या उपाय उसके पास रह जाता है। यह सही भी है क्योंकि टेंशन, फ्रस्ट्रेशन, डिप्रेशन, गुस्सा, नफरत, महरूमी डर, चिंता और अन्य नेगेटिव ख्यालात से तो बेहतर है सब कुछ ईश्वर पर छोड़ देना। अपने अंदर के दोषों को देख इससे पॉजिटिव आशा बनी रहती है । पर, इसके लिए ईश्वर पर अटूट विश्वास होना चाहिए और हमारा प्रयास भी उसे पाने का होना चाहिए।

ईश्वर की निकटता पाने के लिए तो बहुत से मार्ग है और हर मार्ग का अपना आंनद ,अनुभव विधि विधान है। परन्तु एक गृहस्थ के लिए किसी भी प्रकार के त्याग द्वारा मार्ग तलाशना बेहद कठिन है , तो ऐसे लोगों के लिए अपनी सांसारिक जिम्मेदारियों का निर्वाह करते हुए ईश्वर की कृपा प्राप्ति का मार्ग जो बताया गया है वह 'ध्यान योग' है । श्री माताजी निर्मला देवी जी द्वारा प्रणीत सहज योग माध्यम से किया जाने वाला ध्यान योग बेहद आसान है क्योंकि इसमें हम घर बैठे ध्यान करते हुए ईश्वरीय आनंद की अनुभूति कर सकते हैं।

जब हम ईश्वर प्राप्ति की शुद्ध इच्छा लेकर सहज योग से जुड़ते हैं तब ध्यान में प्रगति होते ही सारे अवगुण हमारा साथ छोड़ने लगते हैं जो हमारी समस्याओं के मुख्य कारण हैं। क्रोध से हमारी सोचने की शक्ति खत्म होने लगती है, अहंकार हमें घमंडी बना मानवता से दूर करने लगता है, लालच हमें गलत कृत्य के लिए प्रेरित करता है, ईर्ष्या हमें कुंठित करती है और प्रतियोगिता की भावना हमें अपने सारे सुखों से दूर कर देती है। दरअसल हमारी हर समस्या हमारे अपने कर्मों का ही परिणाम है। हम अंदर से सुखी और संतुष्ट होने का प्रयास



करेंगे तो सुखी और संतुष्ट हो जायेंगे। इसके लिए पहले हमें स्वयं को जानना होगा फिर परमात्मा को। आत्मसाक्षात्कार और कुंडलिनी जागरण के उपरांत हम स्वयं को देखने और समझने लगते हैं। ईश्वर से हमारी तारतम्यता से हमें निर्भय जीवन का आशीष प्राप्त होता है। फलस्वरूप हम परमात्मा के संरक्षण में स्वयं को सुखी कर पाते हैं। ध्यान के माध्यम से हमारी अधिकांश शारीरिक समस्याएं भी समाप्त होने लगती हैं। हम तेज़वान व ऊर्जावान महसूस करने लगते हैं। शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य हमें सामाजिक व आर्थिक रूप से भी सुदृढ़ बनाता है। परंतु ध्यान की जो सबसे बड़ी उपलब्धि जो हमें प्राप्त होती है वो है हमारा आध्यात्मिक विकास।

परम के सहज आशीष हेतु आप सभी आमंत्रित है सहज योग ध्यान केंद्रों में जहाँ आपको बडी सहजता से यह आभास होगा कि हम परमात्मा से कैसे जुड़े हुए हैं और हर समस्या का समाधान सहज ध्यान से संभव है। इस अनूठी ध्यान पद्धति से जुड़ने हेतु व आत्मसाक्षात्कार को प्राप्त करने हेतु अपने नज़दीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 अथवा यूट्यूब चैनल लर्निंग सहजयोगा से प्राप्त कर सकते हैं । सहज योग पूर्णतया निशुल्क है।

दैनिक रणजीत टाइम्स
जिला एवं तहसील स्तर पर
एजेंसी देना है
अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें।
सम्पर्क करें
8224951278 :: 9827068888

जन्मदिन की
अग्रिम शुभ सूचना
"रंजीत टाइम्स" में अब आप अपने या
अपने प्रियजनों का जन्मदिन एक दिन पहले ही निशुल्क
प्रकाशित करवा सकते हैं!
बस हमें भेजिए: 1 जन्मदिन मनाने वाले की फोटो
2 उसका पूरा नाम- 3 बधाई देने वाले का नाम जन्मदिन के एक दिन पहले ही विज्ञापन भेज दें, ताकि समय रहते प्रकाशित किया जा सके।
भेजने का नंबर (Aditya): 8224951278
रंजीत टाइम्स में आपका विज्ञापन पूरी तरह मुफ्त प्रकाशित किया जाएगा!
अपने जज़्बातों को शब्द दें – सिर्फ रंजीत टाइम्स के साथ।
टीम रंजीत टाइम्स- "आपका अपना अख़बार, आपकी आवाज़"
रणजीत टाइम्स

# जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ











